भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 668 का उत्तर

नई इंटरसिटी ट्रेन

668. डॉ॰ राजदीप रायः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सिलचर उत्तर-पूर्व का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और तीन विभिन्न राज्यों त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और आंशिक रूप से मेघालय का प्रदेश द्वार है, यद्यपि सिलचर अगरतला से ट्रेन द्वारा जुड़ा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सिलचर-गुवाहाटी और सिलचर-अगरतला शताब्दी/इंटरसिटी जल्द से जल्द आरंभ किए जा सकते हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): सिलचर, गुवाहाटी, दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, अगरतला, भैराबी और वेगईचुंगपाव सहित देश के विभिन्न भागों से भली-भांति जुड़ा हुआ है।

(ग) और (घ): इस समय सिलचर-गुवाहाटी सेक्टर में 5 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां और एक जोड़ी यात्री गाड़ियां चलती हैं, जबकि सिलचर-अगरतला सेक्टर में एक जोड़ी यात्री गाड़ियां चलती हैं।बहरहाल, सिलचर एवं गुवाहाटी और सिलचर एवं अगरतला के बीच नई गाड़ी चलाना इस समय परिचालनिक कठिनाइयों और संसाधनों की तंगियों के कारण व्यावहारिक नहीं है।

****